प्रादेशिक समाचार
16.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्र सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की बढ़ोत्तरी, केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की भी घोषणा।

2. विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द होगी जारी, इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच भी सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन जारी।

3. राज्य में चुनाव तारीखों की घोषणा के साथ ही प्रशासनिक गतिविधियां तेज, सभी जिलों में आचार संहिता के अनुपालन और वोट प्रतिशत बढ़ाने की पहल ने पकड़ा जोर।

4. भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी ने की बड़ी कार्रवाई, देवघर के सिविल सर्जन को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार।

5. राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में हुई बारिश, मौसम विभाग ने गुमला, खूंटी और लोहरदगा समेत आठ जिलों में कल भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का जताया पूर्वानुमान।

****

केंद्र सरकार ने आज विपणन सत्र 2025–26 के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि भी की है।

****

राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा जल्द ही अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता– साउंड बाइट– रिपोर्ट– 45 सेकेंड

****

इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पार्टी नेता चंपाई सोरेन और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहु दिल्ली में आयोजित पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हिस्सा लेकर आज रांची लौट आये। पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पार्टी ने प्रत्याशियों के नाम तय कर लिये हैं।

****

केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर विकास योजनाओं की राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। धनबाद में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने मंईयां सम्मान योजना के नाम पर फंड का डायवर्सन किये जाने की आशंका जाहिर की। श्री मेघवाल ने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार होने से राज्य के विकास को गति मिलेगी।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए दावा किया कि राज्य की जनता सत्ता परिवर्तन कर कुशासन का अंत करेगी।

****

इधर, इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच भी सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन जारी है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची में पत्रकारों को बताया कि सीट शेयरिंग का फार्मूला लभगभ तय हो चुका है। अगले कुछ दिनों में सबकुछ सार्वजनिक हो जायेगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एक बार फिर इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

****

झामुमो ने भी गठबंधन की जीत का दावा करते हुए कहा है कि हेमंत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार वैसे प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनका जीतना तय माना जा रहा है।

****

राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज हो गयी हैं। सभी जिलों में आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ाने की पहल भी शुरु कर दी गयी है। लोहरदगा जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली की दुकानों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। उधर, रामगढ़ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श चुनाव आचार संहिता की जानकारी दी। कई जिलों में चेकिंग अभियान भी चलाया गया। पलामू जिले में पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है जबकि गुमला में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने अंतर्राज्यीय सीमा पर बनाये गये चेकपोस्ट का निरीक्षण किया और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर गढ़वा जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए देवघर के सिविल सर्जन डॉक्टर रंजन सिन्हा को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी मो. महफुज आलम ने एसीबी से शिकायत की थी कि सिविल सर्जन डॉक्टर सिन्हा नर्सिंग होम के प्रोविजनल प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के लिए डेढ़ लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। एसीबी ने अपने सत्यापन में शिकायत को सही पाया और सिविल सर्जन को पहली किस्त के रुप में 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

****

राजधानी रांची, खूंटी और गुमला समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद बारिश हुई। मौसम विभाग ने कल भी रांची के अलावा खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमेडगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावा में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गयी है।

********समाप्त********